<u>वस्त्र मंत्रालय</u>

<u>मंत्रिमंडल हेतु अप्रैल,2023 का मासिक सारांश</u>

I. सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2023 को समर्थ के तहत अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। अधिकार प्राप्त समिति ने 53,907 लाभार्थियों के प्रशिक्षण लक्ष्य के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जिसमें से कुल 47,949 के प्रशिक्षण का लक्ष्य 21 मौजूदा अच्छा निष्पादन करने वाले कार्यान्वयन भागीदारों को अतिरिक्त प्रशिक्षण लक्ष्य के रूप में आवंटित किया गया है।

II. तकनीकी वस्त्र के (प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स - 12 आइटम्स और जियोटेक्सटाइल्स - 19 आइटम्स) 31 आइटम्स के संबंध में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए।

III. कपास की आवक और खरीद -अप्रैल, 2023 के दौरान पूरे भारत में बीज कपास की आवक लगभग 39.82 लाख गांठ थी। इस मौसम में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 तक कपास की कुल आवक भी 237.27 लाख गांठ है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 13% कम है।
चूंकि बाजार में कपास की कीमत एमएसपी से ऊपर चल रही है, इसलिए भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने एमएसपी अभियान के तहत अप्रैल 2023 के दौरान कपास की खरीद नहीं की है।

iv. परिधान/गारमेंट्स, मेड-अप्स और टेक्सटाइल एक्सेसरीज के लिए 4307 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए कैबिनेट नोट (दिशानिर्देशों के साथ) को अंतिम रूप दिया गया और पीएमओ और कैबिनेट सचिवालय को परिचालित किया गया।

v. वस्त्र मंत्रालय ने "**सौराष्ट्र-तमिल संगमम**" के दौरान द्वारका और सोमनाथ में हथकरघा और हस्तशिल्प की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें तमिलनाडु और गुजरात राज्यों (17 से 26 अप्रैल, 2023) के हथकरघा और हस्तशिल्प की उत्कृष्ट श्रेणी का प्रदर्शन किया गया।

vi. वस्त्र मंत्रालय ने 21-22 अप्रैल, 2023 को राजकोट में वस्त्र उद्योग से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों और सामयिक मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए वस्त्र उद्योग के हितधारकों के साथ एक **चिंतन शिविर** भी आयोजित किया है।

vii. विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय ने दिनांक 01.04.2023 से 15.4.2023 तक विशेष हैंडलूम एक्सपो और एससीओ के तहत दिनांक 06.4.2023 को रिवर्स बायर-सेलर मीट (आरबीएसएम) का आयोजन हैंडलूम हाट, जनपथ, नई दिल्ली में किया।

viii. माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने हथकरघा गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए योजनाओं और क्षेत्र में इसके विकास के बारे में जानने के लिए दिनांक 15.4.2023 को ओडिशा के नयागढ़, खोरदा और पुरी जिले का दौरा किया।

ix. ओडिशा के पिपली जिले पुरी में हथकरघा और हस्तशिल्प की संयुक्त समीक्षा बैठक और कार्यशाला आयोजित की गई। माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने दिनांक 17.4.2023 को उक्त बैठक और कार्यशाला में भाग लिया।

X. पहचान कार्ड, समर्थ प्रमाण पत्र और यार्न पासबुक के वितरण के लिए दिनांक 27.4.2023 को माननीय वस्त्र राज्य मंत्री की अध्यक्षता में कठुआ जम्मू में एक पारस्परिक बातचीत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

....